# GOVERNMENT COLLEGE, BAHU (JHAJJAR)

(*Affiliated to Maharshi Dayanand University, Rohtak, AISHE Code: C-50431*)

*Tel: 01259-279010 E-Mail - gcwbahu@gmail.com Website- gcbahu.ac.in*

# राजकीय महाविद्यालय बहु (झज्जर)

## रिपोर्ट

दिनांक:- 01/10/2022

राजकीय महाविद्यालय बहु में आज एन०एस०एस० इकाई के तत्वावधान में स्वयं सेविकाओं ने गांव बहु में महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एन०एस०एस० प्रभारी प्रो० पूजा शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता, अच्छा स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दैनिक दिनचर्या में हमारी सहायता करते है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ० सुनील कुमार ने स्वयं सेविकाओं को जागरूक करते हुए बताया कि सभी छात्राएं देश का भविष्य हैं। यदि सभी छात्राएं स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगी और अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगी तो महात्मा गांधी जी का "स्वच्छ भारत" का सपना अवश्य पूरा होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० रणवीर सिंह आर्य ने अपने संदेश में बताया कि समाज में सभी व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से कुशल रहें। यह कुशलता तभी संभव होगी जब समाज में प्रत्येक व्यक्ति अपने चारों ओर स्वच्छ वातावरण बनाए रखेगा। सभी गंदगी से निजात पाएंगे, तभी मन की शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। इसके साथ-साथ व्यक्ति विभिन्न प्रकार की बीमारियों से दूर रहेगा। इस अवसर पर डॉ० रीना, डॉ० सुखवीर सिंह, प्रो० कुलबीर सिंह, डॉ० पंकज भारद्वाज, प्रो० आदित्य गोयल, प्रो० नरेंद्र कुमार, प्रो० सुनील कुमार, डॉ० रविन्द्र सिंह, डॉ० सुचित्रा, प्रो० मोनिका, प्रो० रेखा , प्रो० संगीता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

Pooja Sharma
NSS PO

for
Principal
GOVT. COLLEGE, BAHU
Distt. Jhajjar (Hry.)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बहु
झज्जर